प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 14.11.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1–बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ऐतिहासिक जीत की ओर–मुख्यमंत्री ने इसे लोकतंत्र और सुशासन की जीत बताया।

2–भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती कल प्रदेश में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जाएगी–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का होगा सीधा प्रसारण।

3–राज्य में कल से शुरू होगी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी।

4– राज्य मंत्रिमंडल ने दीनदयाल, अटल आवास, अटल विहार योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना के नियमों में छूट प्रदान की।

**बिहार चुनाव–परिणाम**

बिहार में विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए जीत की ओर अग्रसर है। अब तक प्राप्त रुझानों और परिणामों के अनुसार एनडीए को 204 सीटों पर बढ़त प्राप्त है। इनमें भारतीय जनता पार्टी 92, जनता दल यूनाटेड 84, लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास 19, हम पांच और आरएलएम चार सीट पर बढ़त बनाए हुए हैं।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने गठबंधन को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व जनादेश देने के लिए बिहार के लोगों के प्रति आभार प्रकट किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने इस जीत को सुशासन, विकास, सामाजिक न्याय और जन कल्याण की जीत बताया है।

वहीं, बिहार में एनडीए गठबंधन को मिल रही ऐतिहासिक बढ़त पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि दुनिया को लोकतंत्र की शिक्षा देने वाले बिहार का जनादेश, लोकतंत्र और सुशासन की जीत है।

वहीं, उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि बिहार के चुनाव नतीजे बहुत ही ऐतिहासिक हैं।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बिहार की जनता ने एक बार फिर विकास का साथ दिया है और सुशासन के साथ खड़े होने का फैसला लिया है।

इसी तरह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बिहार विधानसभा चुनावों में भाजपा–एनडीए की शानदार जीत को बिहार के सुशासन मॉडल के लिए ऐतिहासिक बताया।

भाजपा के प्रमुख प्रवक्ता और सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि बिहार की जीत आम जनता का एनडीए को मिला आशीर्वाद है।

वहीं, भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने इस जीत को बिहार की जनता की आकांक्षाओं की जीत बताया।

**भगवान बिरसा मुंडा–जयंती**

---

भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती कल प्रदेश के सभी जिलों में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जाएगी। जिला मुख्यालयों में आयोजित होने वाले जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद और विधायक मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण अधिकारिक यू–ट्यूब चैनल और डीडी न्यूज के माध्यम से होगा, जिसे देखने और सुनने की व्यवस्था भी कार्यक्रम स्थल पर होगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संदेश पत्र वाचन होगा। इसके अलावा कार्यक्रम में "पीएम जनमन", "आदि कर्मयोगी", "धरती आबा" जैसी योजनाओं पर आधारित लघु फिल्में भी प्रदर्शित की जाएंगी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जगदलपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं, दुर्ग में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, बिलासपुर में उप मुख्यमंत्री अरूण साव, रायपुर में केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और राजनांदगांव में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

आदिवासी विकास और किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेश में जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इस बीच, जनजातीय गौरव पखवाड़ा के तहत रायपुर रेलमंडल के सभी स्टेशनों में उद्‌घोषणा के माध्यम से जननायक भगवान बिरसा मुंडा को नमन किया जा रहा है।

**यूनिटी मार्च**

---

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती के अवसर पर मुंगेली जिले के लोरमी में कल यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। इसमें केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुए।

वहीं, रायपुर में भी आज **"यूनिटी मार्च"** का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोगों को "आत्मनिर्भर भारत संकल्प" के साथ नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई।

**निर्माण काम–निर्देश**

---

लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉक्टर कमलप्रीत सिंह ने समय–सीमा में काम पूरा नहीं करने वाले ठेकेदारों पर पेनाल्टी लगाने और नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने सड़क मरम्मत के सभी कार्यों को अगले महीने तक पूरा करने को कहा है।

## धान खरीदी

प्रदेश में कल से किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होगी। इसके लिए सभी केन्द्रों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसानों को धान बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। उन्होंने खरीदी केंद्रों में किसानों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं।

धान खरीदी के लिए दो हजार सात सौ उनतालीस उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। वहीं, राज्य में धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए अन्य राज्यों की सीमा पर  चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं।

राज्य सरकार द्वारा किसानों की सुविधा के लिए 'तुहर टोकन मोबाइल ऐप' भी शुरू किया गया है। इस ऐप के माध्यम से किसान घर बैठे धान बेचने के लिए टोकन प्राप्त कर सकते हैं, जिससे समितियों में लंबी कतारों से मुक्ति मिलेगी। समितियों में माइक्रो एटीएम की व्यवस्था भी की गई है।

खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया कि किसानों की समस्याओं के निदान के लिए विभाग द्वारा टोल फ्री नंबर भी जारी किए गए हैं।

## बातों–बातों–में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार **धान खरीदी पर** केंद्रित रहेगा। इसके तहत खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले से ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इस भेंटवार्ता का प्रसारण कल पन्द्रह नवंबर को एफ.एम. और प्राईमरी चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

## मंत्रिमंडल–निर्णय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज रायपुर में कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें कई निर्णय लिए गए। मंत्रिमंडल ने इस बार भी  'प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान' के तहत किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीफ और रबी मौसम में दलहन और तिलहन की खरीदी करने का निर्णय लिया है। इस फसलों में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन, चना, सरसों और मसूर शामिल हैं।

बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि कैबिनेट ने कल से शुरू होने वाले धान खरीदी अभियान के तहत विपणन संघ को शासकीय प्रत्याभूति की अतिरिक्त राशि के रूप में ग्यारह हजार दो सौ करोड़ रूपए प्रदान करने का निर्णय लिया है।

मंत्रिपरिषद ने दीनदयाल आवास योजना, अटल आवास योजना, अटल विहार योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना के नियमों में छूट प्रदान की है। इसके तहत तीन बार विज्ञापन देने के बाद इन भवनों को पात्र हितग्राहियों के अलावा किसी भी आय वर्ग के हितग्राहियों को बेचा जा सकता है, लेकिन ऐसे हितग्राहियों को शासन द्वारा दी जाने वाली अनुदान की पात्रता नहीं होगी।

इसके अलावा ईडब्ल्यू एस और एलआईजी भवनों या फ्लैट की बिक्री के मामले में भी तीन बार विज्ञापन प्रकाशित होने के बाद भी जो भवन बिना बिके रह जाएंगे, उन्हें किसी व्यक्ति अथवा संस्था को एक से अधिक भवन खरीदने की अनुमति दी जा सकेगी, लेकिन इसके लिए स्वीकृत अनुदान की पात्रता नहीं होगी। श्री साव ने बताया कि सरकार ने नवा रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ को अनुबंध के अनुसार लीज पर देने का भी फैसला लिया है।

**<u>समाचार संक्षेप में ...</u>**

–मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज रायपुर में हुई सिंचाई परियोजना मंडल की बैठक में विभिन्न क्षेत्रों के लिए चौदह नई सिंचाई परियोजनाओं को सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई।

–जांजगीर–चांपा जिले के अकलतरा में ट्रक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>